## महत्वपूर्ण एवं खास

### ज्वेलर्स के रइसजादे बेटे के खिलाफ दर्ज हुआ हत्या का मामला

**रायपुर (आरएनएस)।** राजधानी के भाठागांव में हुए हिट एंड रन केस में वाहन चालक सिद्धार्थ बैद के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज कर लिया गया है. आपको बता दें कि बीते सोमवार को तेज रफ्तार कार ने मंडला के रहने वाले चंदन गर्ग को टक्कर मार दी थी, जिसके बाद उसकी मौके पर मौत हो गई थी. यह पूरा मामला टिकरापारा थाने का था. बता दें कि कार चलाने वाला रइसजादा शदरबाजार के एक ज्वेलर्स परिवार का बेटा है. मृतक चंदन अपने घर मंडला से सोमवार सुबह ही बस से आया था. बस से उतरकर वह रायपुर में घर जाने के लिए ऑटो का इंतजार कर रहा था. तभी तेज रफ्तार कार ने उसे अपनी चपेट में ले लिया. सीजी 04 एनजे 6663 नंबर की कार सराफा बाजार के कारोबारी सिद्धार्थ बैद की थी. टक्कर मारने के बाद कार चालक ने चंदन को कुछ देर तक घसीटा, तब तक न उसे किसी ने बचाया और न कार चालक ने गाड़ी को रोका. इस घटना में एक ऑटो चालक भी घायल हुआ था. मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने आरोपी चालक सिद्धार्थ बैद की तलाश में उसके टैगोर नगर स्थित घर समेत कई जगहों पर दबिश दी थी, लेकिन चालक घर से फरार चल रहा.

### किन्नरों से घर में घुसकर मारपीट करने वाले 3 आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिला मुख्यालय के निगम क्षेत्र अंतर्गत सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड में रहने वाले तीन युवकों के द्वारा 09 अप्रैल को किन्नरों के साथ रात 01:30 बजे उनके घर में घुसकर उनके साथ मारपीट किये जाने कि रिपोर्ट मामले की प्रार्थिया सौम्या बघेल अभिभावक रिया परिहार उम्र 18 वर्ष, निवासी सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड आमीन गली जगदलपुर ने थाना बोधघट में दर्ज करायी थी, कि वह अपने साथी मेघा, रोली के साथ अपने घर में सो रही थी उसी बीच अचानक सागर शर्मा व उसके अन्य 02 साथी उसके घर में घुसकर लोहे के चैन से मारपीट करने लगे तथा जान से मारने की धमकी दिये। मारपीट करते समय प्रार्थिया की साथी मेघा, रोली बीच बचाव करने आये तो उन्हें भी गाली गलौच किये। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 86/2023 धारा 458, 294, 323, 506, 34 भादवि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया जाकर मामले का मुख्य आरोपी सागर दास व अन्य दो आरोपी विक्रम सिंह उर्फ डूगडूग, व दीपक सक्सेना उर्फ बुटरू को गिरफ्तार कर आज न्यायालय पेश करने उपरांत न्यायिक अभिरक्षा में जेल दाखिल कर दिया है।

### 21 किलो गांजा के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के थाना नगरनार पूलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि उड़ीसा से जगदलपुर की ओर आ रही टाटा मैजिक सवारी वाहन क्रमांक ओडी 245424 में एक संदिग्ध व्यक्ति बैठा है, जो अपने पास रखे बैग में अवैध रूप से गांजा परिवहन कर रहा है, कि सूचना पर धनपुंजी फारेस्ट नाका मे घेराबंदी कर मुखबीर के बताए अनुसार सवारी वाहन से अवैध गांजा परिवहन का आरोपी अधम शेख निवासी केरल के कब्जे से 21 किलो गांजा जिसका अनुमानित बाजार मूल्य 02 लाख 10 हजार रुपए आंका गया है, को जप्त कर अवैध गांजा परिवहन के आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया तथा आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। कार्यवाही में सहायक उपनिरीक्षक हरवान सिंह, प्रधान आरक्षक अहिलेश नाग, रमेश पासवान, विजय भगत, आरक्षक चंद्रेश कुमार, सैनिक जगन्नाथ का योगदान रहा।

# एक ऐसा सेंटर जहाँ डाक्टर प्रिस्क्रिप्शन में लिखते है बोरे बासी

- फाइव लोटस इंडो जर्मन नैचर क्योर सेंटर में अब तक 18 हजार मरीजों का सफलता पूर्वक उपचार
- देश और दुनिया भर के लोग पहुंचते है ईलाज कराने हृदय रोग, स्किन, डायरिया सहित एकाग्रता और वेट लॉस के लिए है कारगर बोरे बासी
- चाय, काफी, शराब की लत से मिलता है छुटकारा

**रायगढ़।** एक तरफ मेडिकल साइंस नए-नए अन्वेषण और आधुनिक उपकरणों से बीमारियों का उपचार करने में सफलता हासिल कर रही है, वही दूसरी ओर छत्तीसगढ़ का प्रिय और पारम्परिक आहार बोरे बासी से भी कई रोगों का सफलतापूर्वक उपचार किया जा रहा है। यह छत्तीसगढ़ की समृद्ध संस्कृति का ही प्रभाव है कि अब डॉक्टर भी प्रिस्क्रिप्शन में बोरे बासी रिकमेंड करते हैं।

जिला मुख्यालय महासमुंद से लगभग 40 किलोमीटर दूर ग्राम पटेवा के पास ग्राम रायतुम में एक ऐसा नेचर क्योर सेंटर है जहां डॉक्टर भी मरीज के डाइट में बोरे बासी को अनिवार्य और मुख्य आहार के रूप में शामिल करते हैं। यहां के डॉक्टरों का मानना है कि बोरे बासी में भरपूर विटामिन बी 12, कैल्शियम, पोटेशियम सहित अनेक पौष्टिक गुण के साथ हृदय रोग, स्किन रोग, डायरिया सहित अनेक रोगों से लड़ने की क्षमता है।

पहले यह सामान्य समझ थी कि बोरे बासी सिर्फ राज्य के मजदूर और किसानों का प्रिय आहार है, लेकिन अब हमारे राज्य के बोरे बासी को देश के साथ विदेशी लोग भी बड़े चाव से खा रहे हैं। दरअसल में बोरे बासी छत्तीसगढ़ की संस्कृति और आहार का अभिन्न हिस्सा रहा है। यहां के मजदूर किसान गर्मी के दिनों में बोरे बासी खाकर ही काम में निकलते थे। गत वर्ष हमारे छत्तीसगढिय़ा मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने श्रमवीरों के सम्मान में स्वयं बोरे बासी खाये थे। इस वर्ष भी उन्होंने 1 मई श्रमिक दिवस को बोरे बासी तिहार के रूप में मनाने अपील की है।



ग्राम रायतुम में वर्ष 2018 से फाइव लोटस इंडो जर्मन नैचर क्योर सेंटर संचालित है जहां बोरे बासी अन्य डाइट के साथ इलाज का मुख्य माध्यम है। यहां की चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर रंजीता ने बताया कि बोरे बासी में चावल में पाए जाने वाले आर्सेनिक की मात्रा को कम करने की अद्भुत क्षमता है। इसके अलावा यह शरीर मे आयरन की कमी को दूर करता हैए पेट को ठंडक पहुंचाता है और गर्मी में लू लगने से बचाता है। यहां तक कि यह पाचन तंत्र को भी दुरुस्त रखता है।

डॉक्टर रंजीता ने बताया कि सप्ताह में यदि तीन बार भी बोरे बासी खाया जाए तो इससे मेमोरी पावर गेन होती है और एकाग्रता बढ़ती है। उन्होंने यह भी कहा कि बोरे बासी के सेवन से माउथ अल्सर के उपचार में भी मदद मिलती है। शिशुवती माताओं के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं है। बोरे बासी खाने से मां का दूध भी पर्याप्त मात्रा में बनता है उन्होंने कहा कि यहां बोरे बासी में अदरक, दही, हरी मिर्च, सेंधा नमक, काला नमक, प्याज मिलाकर और राई के छौंक लगाकर यहां भर्ती मरीजों को दिया जाता है। इससे इसका स्वाद भी बढ़ता है साथ ही मरीजों के स्वास्थ्य के लिए भी फायदेमंद होता है।

सेंटर में बोरे बासी बनाने वाले सैफ राज किशोर ने बताया कि पहले चांवल को पकाते हैं। फिर पके हुए चावल में से आधा पसिया को निकाल देते हैं। फिर उसे ढककर किसी गर्म जगह पर रात भर के लिए रखते हैं। सुबह इसे टमाटर चटनी (सिलबट्टा), लाल भाजी, पालक, चौलाई भाजी, ककड़ी के साथ खाते हैं। यह स्वास्थ्य के लिए बेहद फायदेमंद है साथ ही इससे इसका स्वाद और भी बढ़ जाता है। उन्होंने बताया कि बोरे बासी खाने से चाय कॉफी और यहां तक शराब की लत भी धीरे-धीरे छूट जाती है।

यहां स्वास्थ लाभ लेने पहुंची अंबिकापुर की स्वेच्छा सिंह ने बताया कि जब से वे यहाँ आई है तब से उन्हें अन्य डाइट के साथ बोरे बासी दिया गया। इससे उन्हें वास्तव में स्वाथ्य लाभ मिला है तनाव दूर हुई है और मानसिक एकाग्रता बढ़ी है। सेंटर के संचालक राजेश सिंह ने बताया कि इस सेंटर की स्थापना वर्ष 2018 में हुई थी और यहां 100 बेड की सुविधा है। यहां देश भर के अलावा अन्य देश के लोग भी विभिन्न रोगों का उपचार कराने पहुंचते हैं। यहां अभी तक लगभग 18 हजार लोगों का बोरे बासी खिलाकर सफलता पूर्वक उपचार किया गया है।

**आलेख: पोषण साहू-जनसंपर्क**

## किशोर बालिका का शारीरिक शोषण करने वाला युवक गिरफ्तार, पोक्सो एक्ट में चक्रधरनगर पुलिस ने भेजा जेल

**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस द्वारा आज नाबालिक बालिका को शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक शोषण करने वाले युवक लक्ष्मण पटैल उर्फ बछरू पटेल (उम्र 19 साल) निवासी मौहापाली इंदिरा आवास थाना खरसिया को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर विशेष न्यायालय पेश किया गया जहां आरोपी के कृत्य पर उसका जेल वारंट जारी किये जाने पर आरोपी को चक्रधरनगर पुलिस द्वारा जिला जेल दाखिल किया गया है।

पीड़िता की मां ने 28 अप्रैल को थाना चक्रधरनगर में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसकी लड़की का तबीयत खराब होने पर चेकअप कराई तो उन्हें घटना की जानकारी हुई। तब लड़की से पूछताछ करने पर बताई की खरसिया का बछरू पटैल नाम का युवक जो अमृत मिशन कंपनी में काम करता था और गांव में रह रहा था। उसने अक्टूबर 2022 में शादी का प्रलोभन देकर उसके मकान में कई बार शारीरिक संबंध बनाया है जिसके बाद बछरू पटैल अपने गांव खरसिया चला गया। लोक लाज के डर से बालिका ने किसी को भी बछरू पटैल के संबंध में नहीं बताई थी। पीड़िता की मां के रिपोर्ट पर आरोपी बछरू पटैल पर धारा 366 376 आईपीसी एवं 4, 6 पोक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर किया गया।

संवेदनशील वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के दिशा निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अभिनव उपाध्याय के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर द्वारा मामले में संपूर्ण गोपनीयता बरतते हुए तत्काल आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी के लिए मुखबिर लगाकर दबिश दिया गया जिसके उसके गांव से फरार होने की जानकारी पर थाना प्रभारी मुखबीर लगाकर पूरी तैयारी में थे कि आज आरोपी के खरसिया में देखे जाने की सूचना पर तत्काल स्टाफ घेराबंदी कर आरोपी को हिरासत में लेकर थाना लाया गया जिसे विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया , जहां आरोपी के जेल वारंट पर आरोपी को जिला जेल दाखिल किया गया है। थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव आहेर, उपनिरीक्षक दिनेश बोहिदार एवं हमराह स्टाफ की आरोपी पतासाजी, गिरफ्तारी में विशेष भूमिका रही है।

## नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला पूर्व हिस्ट्रीशीटर सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** सरकारी नौकरी लगाने के नाम पर 35 लाख रुपये ठगी करने वाले दो आरोपी को डीडीनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामले में गिरफ्तार आरोपी राकेश बैस पूर्व हिस्ट्रीशीटर है। राकेश ने प्रार्थी के परिवार के सदस्यों को नौकरी लगाने के नाम पर 35 लाख रुपये की ठगी की।

डीडीनगर पुलिस ने मिली जानकारी के अनुसार एलआईजी 2/40 सेक्टर 4 दीनदयाल उपाध्याय नगर निवासी रामनारायण राजपूत ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वर्तमान में जिला मुंगेली में रहता है। वह सीआईएसएफ में आरक्षक के पद पर वर्ष 2018 में रायपुर एयरपोर्ट में पदस्थ था। इसी दौरान मंडी निरीक्षक, उप निरीक्षक खादय निरीक्षक, अन्य विभागों में भर्ती हेतु 2021-2022 में नियुक्ति निकला था। जिसमें प्रार्थी तथा उसके परिवार के सदस्यों ने विभिन्न पदों के लिए आवेदन किया था। इसी दौरान प्रार्थी के परिवार के अन्य सदस्य प्रार्थी के घर जाकर नौकरी के संबंध में प्रार्थी के पड़ोसी राकेश सिंह बैस से चर्चा किए तब राकेश सिंह बैस ने प्रार्थी से कहा कि उसकी बहुत ऊपर तक पहचान है, मैं तुम्हारे रिश्तेदारों को नौकरी में लगवा दूंगा, जिसके लिए पैसे देने होंगे। जिस पर प्रार्थी ने अपने परिवार के सदस्यों से बात कर उनकी नौकरी लगाने के लिए राकेश सिंह बैस के कहे अनुसार 8 जनवरी 2022 से 5 अप्रैल 2022 के मध्य अलग-अलग किश्तों में कुल 35 लाख रुपये राकेश डी.डी.नगर स्थित आवासगृह के उसके ऑफिस में पीए ओम नारायण को दिए। लेकिन किसी की नौकरी नहीं लगी। राकेश ने पैसे लौटा देने की बात कहीं, लेकिन अब तक पैसे नहीं लौटाए। मामले की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने आरोपी राकेश बैस और उसके पीए ओम नारायण को गिरफ्तार किया। आरोपी राकेश बैस थाना डीडीनगर का पुराना हिस्ट्रीशीटर है।

## चार्ज पर लगी ड्रोन की बैटरी फटी सर्वे कर रहे 4 कर्मी घायल लाखों का सामान जलकर राख

**रायगढ़ (आरएनएस)।** खरसिया में जानकी धर्मशाला के एक कमरे में चार्ज पर लगी ड्रोन की बैटरी में ब्लास्ट होने से मुसाफिरों को गंभीर चोट आई है। ये लोग खरसिया तहसील किसी सरकारी सर्वे के लिए आए थे। बैटरी के फटने से लाखों रुपए के चार ड्रोन, कमरे में लगा एसी समेत लाखों रुपए का सामान राख हो गया। जानकारी के मुताबिक फ्लाइंग टेक्नोलॉजी सर्विसेज नामक कंपनी के लोग केंद्र सरकार की तरफ आबादी घनत्व सर्वे करने आए थे। एजेंसी की तरफ से महेंद्र सिंह महेंद्र, लीलाधर निषाद, यशवंत कुमार साहू और धनु प्रसाद नाम के युवक थे। ये लोग जानकी धर्मशाला के पहले तल पर कमरे में ठहरे थे। बताया जा रहा है कि इन लोगों ने ड्रोन की बैटरी चार्जिंग के लिए लगाई और बिस्तर पर बैठकर लैपटॉप पर काम कर रहे थे।

अचानक बैटरी से धुआं निकला, इसके पहले की कर्मचारी स्विच ऑफ करते आग लगी और बैटरी में जोर का धमाका हुआ। चार लोगों में एक ड्राइवर था, जिसका चेहरा और हाथ झुलस गए। दो लोगों के हाथ पर चोट लगी है। एक कर्मचारी सुरक्षित है।

धर्मशाला से पुलिस को सूचना मिली जिसके बाद पहुंचे पुलिस कर्मियों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। बैटरी में ब्लास्ट और आग लगने से कमरे की वायरिंग पूरी तरह जल गई। कमरे का एसी पूरी तरह जलकर पिघल गया। कमरे में रखे चार ड्रोन, लैपटॉप और दूसरे इलेक्ट्रानिक उपकरण, गद्दे समेत दूसरे सामान जल गए।

## जाने कैसे काम करती है शेयर मार्केट और इन्वेस्टमेंट की दुनिया : फेमस यूट्यूबर प्रांजल कामरा की कंपनी फिनोलॉजी लेगी फाइनेंस पर क्लासेज, एक्सपर्ट देंगे टिप्स

- फाइनेंस सेक्टर में करियर गाइडेंस के साथ वित्तीय समझ बढ़ाने जिला प्रशासन की अनूठी पहल
- फाइनेंस सेक्टर में जाने के इच्छुक युवा ले सकते हैं लाभ
- 1 से 12 मई तक शाम 4 से 5 बजे तक चलेगी नि:शुल्क ऑनलाइन क्लासेज

**रायगढ़।** देश में फाइनेंस सेक्टर में निवेश तेजी से बढ़ा है। लोग अब शेयर मार्केट, म्यूचुअल फंड्स में पहले के मुकाबले काफी इन्वेस्ट करने लगे हैं जिससे उन्हें बढिय़ा आय भी मिल रही है। कई लोगों के लिए यह आमदनी का मुख्य स्रोत हो गया है। लेकिन ऐसी खबरों को देखने सुनने के बाद सबसे पहला सवाल आता है कि शेयर मार्केट और इन्वेस्टमेंट की दुनिया कैसे काम करती है। इसमें निवेश की शुरूआत कैसे की जाए, क्या सावधानी रखी जाए। निवेश से अधिकतम लाभ कैसे लिया जाए। शेयर मार्केट और इन्वेस्टमेंट के लिए क्या नियम और प्रावधान है। इन्हीं सब सवालों के जवाब अब कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देश और जिला पंचायत सीईओ अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन के अनूठी पहल पर शुरू होने जा रहे 'फिनोलॉजी फाइनेंस क्लासेज' में मिलेंगे।

यह क्लासेज देश में फाइनेंस सेक्टर के नामी मेंटर प्रांजल कामरा जिनके यूट्यूब में 5.16 मिलियन सब्सक्राइबर हैं उनकी कंपनी फिनोलोजी के एक्सपर्ट के द्वारा ली जाएंगी। जिसमें फाइनेंस सेक्टर के बेसिक्स के साथ इस क्षेत्र में करियर बनाने के क्या विकल्प हैं, इन सबके बारे में विस्तार से बताया जाएगा। इसके साथ ही निवेश कैसे करें उसे बेहतर कैसे बनाएं इन सब बिंदुओं पर भी बात होगी। इसके साथ ही एक्सपर्ट्स फील्ड से जुड़े सवालों के जवाब भी देंगे। यह क्लासेज 01 मई से 12 मई (सोमवार से शुक्रवार) तक ऑनलाइन चलेंगी। क्लासेज का समय शाम 4 से बजे तक होगा। इसके लिए क्यूआर कोड को स्कैन कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जा सकेगा। क्लासेज नि:शुल्क होंगी। कलेक्टर सिन्हा ने सभी इच्छुक युवाओं से इस अवसर का अधिक से अधिक लाभ उठाने की बात कही है। जिससे फाइनेंस सेक्टर को लेकर समझ बढ़े तथा वे इस क्षेत्र में बेहतर तरीके से कार्य कर सकें।

## एलईडी लाईट, सोलर पेनल एवं सोलर एनर्जी का कार्य दिलाने के नाम पर करोड़ों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर (आरएनएस)।** एलईडी लाईट, सोलर पेनल एवं सोलर एनर्जी का कार्य दिलाने का झांसा देकर करोड़ों रुपए की ठगी करने वाले शातिर ठग को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी मनीष मिश्रा को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि प्रदेश के जिले, ग्रामों एवं नगर पंचायतों में सिविल कार्य, एलईडी लाईटिंग, सोलर पेनल एवं सोलर एनर्जी का कार्य दिलाने के नाम पर अपना शिकार बनाये थे।

आरोपी शैलेन्द्र बघेल समृद्धि फर्म इंटरप्राईजेस का संचालक जो शासकीय विभागों में करता है। कुछ-कुछ सामग्रियों की सप्लाई भी की। इस मामले में पूर्व में आरोपी शैलेन्द्र बघेल को गिरफ्तार किया जा चुका है। गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर घटना में संलिप्त आरोपी मनीष मिश्रा को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 231/23 धारा 420, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया है।

बता दें कि प्रार्थी सुशील शर्मा निवासी सुन्दरनगर रायपुर ने दिनांक 24.04.2023 को थाना सिविल लाईन में रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके परिचित शैलेन्द्र बघेल के द्वारा स्वयं को शासकीय विभागों में अच्छी जान पहचान होना बताकर प्रत्येक जिले, ग्राम एवं नगर पंचायतों में सिविल कार्य एलईडी लाईटिंग सोलर पेनल एवं सोलर एनर्जी का कार्य दिलाने के नाम पर प्रार्थी एवं उसके जैसे अन्य पीड़ितो से अगस्त 2021 से दिसम्बर 2022 तक अलग-अलग किश्तों में कुल 4 करोड़ 32 लाख रुपए लेकर ठगी कर ना ही काम दिलाया गया और ना ही उनका रकम वापस किया गया। जिस पर आरोपी शैलेन्द्र बघेल के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 231/23 धारा 420, 34 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया।**गिरफ्तार आरोपी** – मनीष मिश्रा पिता स्व. अरूण मिश्रा उम्र 50 साल निवासी ग्राम व पोस्ट मर्रा तहसील पाटन जिला दुर्ग हाल पता- म.नं. 243 मिलेनियम चौक सुन्दर नगर थाना डी.डी.नगर रायपुर। मामले में पूर्व में आरोपी शैलेन्द्र बघेल पिता

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कुछ सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, अल्पसंख्यकों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक तौर के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

## तेज बारिश व ओलावृष्टि से वार्ड क्रमांक 14 में अटल आवास का गिरा छज्जा

**कोरबा (आरएनएस)।** कोरबा जिले में मौसम का रुख पिछले 1 सप्ताह से लगातार बदल रहा है और इस दौरान अंधड़ के बीच बारिश भी हो रही है। पिछली रात्रि को तेज बारिश और ओलावृष्टि के साथ वार्ड क्रमांक 14 में अटल आवास का छज्जा गिरने की घटना हुई। हालांकि देव योग से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हो सकी। स्थानीय लोगों ने यहां की बदहाली को लेकर नगर निगम पर नाराजगी जताई। भाजपा नेताओं ने सुबह मौके का जायजा लेने के साथ ऐलान किया कि अगर 15 मई तक अटल आवास का सुधार नहीं होता है तो वृहद आंदोलन किया जाएगा।

कोरबा,30 अप्रैल (आरएनएस)। आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को पक्के मकान देने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार के द्वारा पिछले वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में अटल आवास बनाए गए और लोगों को इसका आवंटन किया गया। नगर निगम के विभिन्न वार्डों में हजारों की संख्या में लोग इस योजना से लाभान्वित हुए जहां पर उनके परिवार निवासरत है। लंबा समय बीतने पर अटल आवासों की स्थिति सुधार के लायक हो गई है लेकिन आवश्यक काम नहीं होने से इनके सामने समस्याएं कायम है। कोरबा शहरी क्षेत्र में वार्ड क्रमांक 14 पंप हाउस के अंतर्गत निर्मित किए गए अटल आवास में छज्जा गिरने की घटना बीती मध्यरात्रि को हुई। बारिश होने के साथ लोग सतर्क हुए और उनके देखते देखते ही यह घटना हो गई। लोगों ने बताया कि उनकी सतर्कता और देव योग से जनहानि नहीं हुई लेकिन अब काफी डर बना हुआ है। लोगों की नाराजगी इस बात को लेकर है कि अटल आवास की समस्याएं काफी समय से हैं और कभी भी यहां मरम्मत कराने के लिए ध्यान नहीं दिया गया। बीच में एकदम मौके पर इस तरह की घटनाएं यहां पर हुई है और इसे लेकर वार्ड के पार्षद व महापौर को अवगत कराया गया था।

वार्ड क्रमांक 14 में अटल आवास का छज्जा गिरने की जानकारी मिलने पर नगर निगम में मुख्य विपक्षी दल भाजपा का सक्रिय होना स्वाभाविक था। नेता प्रतिपक्ष हित आनंद अग्रवालए ट्रांसपोर्ट नगर वार्ड की पार्षद रितु चौरसिया और पंप हाउस के पूर्व पार्षद दादू यादव यहां पहुंचे। स्थानीय लोगों के साथ उन्होंने प्रभावित क्षेत्र का निरीक्षण किया। अग्रवाल ने इस बात पर आपत्ति जताई कि लंबे समय से अटल आवास की समस्या मूलक की स्थिति की जानकारी होने पर भी यहां सुधार कराने में दिलचस्पी नहीं ली गई इसलिए यह घटना हुई है। भाजपा नेता ने ऐलान किया है कि पंप हाउस के साथ-साथ दूसरे क्षेत्रों के अटल आवासों की जर्जर स्थिति को देखते हुए 15 मई से सुधार संबंधी काम शुरू कराया जाना चाहिए ऐसा नहीं होने पर लोगों का साथ लेकर बड़े स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। बारिश की शुरुआत होने के लिए अब बहुत ज्यादा समय बाकी नहीं रह गया है ऐसे में समस्या ग्रस्त इलाकों में रहने वाले लोगों की चिंता बढ़ती जा रही है लगातार मौसम के बदलने के साथ होने वाली घटनाओं से लोग चिंतित हैं उम्मीद करना चाहिए कि नगर पालिक निगम का तंत्र इस तरह गंभीरता दिखाते हुए आवश्यक काम करेगा।